पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

छात्रों को प्रगति के पथ पर ले जाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है - राज्यपाल

लखनऊ 7 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज लखनऊ पब्लिक स्कूल साऊथ सिटी, लखनऊ में आयोजित यूफोरिया-2015 में प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण करके सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री लोकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिता के अंतर्गत दोहा वाचन, नुक्कड़ नाटक, हिन्दी वाद-विवाद, अंग्रेजी वाद-विवाद, एकल गायन तथा समूह गायन प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिता एवं स्पर्धा जीवन में आगे बढ़ने की ताकत देते हैं। स्पर्धा भविष्य का रास्ता खोलती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि विद्या प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। केवल किताबी कीड़ा न बने बल्कि स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए क्रीड़ा एवं खेल में भी भाग लें। अच्छे स्वास्थ्य से जीवन का आनन्द मिलता है।

श्री नाईक ने कहा कि अहंकार जीवन में गति का अवरोधक है। आगे की प्रगति अहंकार से रूक जाती है। उन्होंने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्रों को प्रगति के पथ पर ले जाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षक अपने अनुभव के आधार पर छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बच्चों को सफलता के चार मंत्र बताये हुए कहा कि सदैव मुस्कराते रहें क्योंकि मुस्कराने से सहजता से काम करने की प्रेरणा मिलती है, अच्छा काम करने वालों की प्रशंसा करें तथा उनके गुणों को ग्रहण करने का प्रयास करें, किसी की अवमानना न करें तथा हर काम को बेहतर तरीके से करने की सदैव गुंजाईश रहती है।

HON'BLE GOVERNOR
UTTAR PRADESH

GOVERNOR
PRADESH